BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE

MR. SNEH PRATAP SINGH
HEAD
EMAIL: snehpratapsingh6845@gmail.com
MOB. NO.: 8081170070

DATE: 31/10/2023

रिपोर्ट

आज दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को बी एस एन वी पी जी कॉलेज लखनऊ के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के 148 वें जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाते हुए "सरदार वल्लभभाई पटेल का व्यक्तित्व एवं कृतित्व--- एक भारत श्रेष्ठ भारत के विशेष संदर्भ में" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजनीति शास्त्र विभाग के एम ए प्रथम सेमेस्टर तथा एम ए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्र जी के उद्बोधन से हुआ ।प्राचार्य जी ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभ भाई पटेल के उपाधि लौहपुरुष की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें यह प्रेरणा दी कि वह अपने व्यक्तित्व में अपने दायित्व के प्रति अडिग होने के भाव का विकास करें ,तो वे निश्चित सफलता प्राप्त करेंगे और इससे उनके खुद का तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ेगा।

महाविद्यालय के उप प्राचार्य (कला संकाय)प्रोफेसर सी .एल बाजपेई जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया ,और बताया कि विद्यार्थी सरदार पटेल से प्रेरणा लेकर अपने संकल्प पर अडिग होकर भविष्य निर्माण के पथ पर अग्रसर हो।

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE

राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ स्नेह प्रताप सिंह ने भाषण प्रतियोगिता के विषय से छात्रों को परिचय कराया ,तथा बताया कि सरदार पटेल की भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष तथा आजादी के बाद देश की एकता और अखंडता के संदर्भ में उनका योगदान अविस्मरणीय है । आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के पुनीत उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमें सरदार पटेल के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

इसके बाद विद्यार्थियों ने उक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त किये, जिसमें प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान का निर्णय निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया।

प्रथम स्थान--- आकाश द्विवेदी एम ए प्रथम सेमेस्टर

द्वितीय स्थान--- अभय राज सिंह एम ए प्रथम सेमेस्टर

तृतीय स्थान ---निखिल सिंह एम ए तृतीय सेमेस्टर

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सांत्वना पुरस्कार एम ए प्रथम सेमेस्टर के राजन पांडे को दिया गया ।

कार्यक्रम का संचालन एम ए तृतीय सेमेस्टर के छात्र दिवांकर सक्सेना ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीषी त्रिवेदी ने किया, कार्यक्रम में प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभाग के अध्यापक गण डॉ रिचा तिवारी डॉ मनीष त्रिवेदी त्रिपुरेश पांडे एवं शिवम दीक्षित की महत्वपूर्ण भूमिका से सफल कार्यक्रम का आयोजन हो सका।

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE

(HEAD)
DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE